हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 17 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 40 .0°c
न्यूनतम 29 .8°c

**नगर में आज**

- एमडीयू के टैगोर सभागार में प्रधानमंत्री का कार्यक्रम होगा लाइव सुबह 10 बजे
- एमडीयू में पीजी की परीक्षा सुबह 10 बजे
- डीसी की अफसरों के साथ बैठक सुबह 11 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे





**डॉ. बतरा पंचतत्व में विलीन**

रोहतक। डॉ . आदित्य बतरा का शीला बाइपास स्थित रामबाग श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। भाई, पत्नी, बेटे और बेटी ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी। उनकी अंतिम यात्रा में नेता, डॉक्टर, एडवोकेट समेत भारी जनसैलाब उमड़ा।

# शहर का 'दिल' तोड़ गए दिल के डॉक्टर आदित्य बतरा

## कार्डियक अरेस्ट से निधन, गुरुवार को शीला बाइपास स्थित रामबाग श्मशान घाट में हुआ अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

होली हार्ट अस्पताल के निदेशक एवं प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आदित्य बतरा(45) का अचानक निधन पूरे शहर को गहरे सदमे में छोड़ गया। जिन हाथों ने वर्षों तक हजारों मरीजों के दिलों की धड़कनें संभालीं, वही दिल कार्डियक अरेस्ट के सामने हार गया। बुधवार देर रात वह अपने घर के बाथरूम में बेहोश मिले। दरवाजा तोड़कर उन्हें बाहर निकाला गया और करीब तीन घंटे तक लगातार सीपीआर व चिकित्सकीय प्रयास किए गए, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। हंसमुख स्वभाव, सहज व्यवहार और सामाजिक सरोकारों के लिए पहचाने जाने वाले डॉ. बतरा का शीला बाइपास स्थित रामबाग श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। उनका असामयिक निधन चिकित्सा जगत ही नहीं, पूरे शहर के लिए अपूर्णीय क्षति है। उनकी अंतिम यात्रा में कैबिनेट मंत्री, विधायक, डॉक्टर, एडवोकेट, समाजसेवी संस्था और उनसे जुड़े लोगों समेत भारी जनसमूह उमड़ा। पूरा दिन सोशल मीडिया पर डॉ. बतरा के प्रति संवेदनाएं जाहिर करने वालों के शोक संदेश चलते रहे।

### पीजीआई से एमबीबीएस एमडी की, राजनीति में भी उतरे

डॉ. आदित्य बतरा होली हार्ट एडवांस्ड कार्डियक केयर एंड रिसर्च सेंटर में चीफ इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट थे। उन्होंने एमबीबीएस और एमडी पीजीआईएमएस रोहतक से तथा डीएम (कार्डियोलॉजी) एसजीपीजीआई लखनऊ से किया था। वे पहले दिल्ली एम्स, पीजीआईएमएस रोहतक और फोर्टिस वसंत कुंज में भी काम कर चुके थे। डॉ. आदित्य करीब 3 साल से भाजपा में सक्रिय थे। 2024 के विधानसभा चुनाव के दौरान रोहतक विधानसभा सीट से टिकट के लिए उनका नाम भी चर्चा में रहा था। उनके भाई अंकुर बतरा हैं। डॉ आदित्य की पत्नी डॉ. मयंका स्किन स्पेशलिस्ट हैं। बेटी काशवी एमबीबीएस की पढ़ाई रही हैं, जबकि बेटा अदयांत 8वीं में पढ़ता है।

**अंदर पढ़िए**




संबंधित पैकेज- पेज 10 पर

### कहते थे पहले इलाज करवाओ, पैसे बाद में आते रहेंगे

डॉ. बतरा इतने मिलनसार और हंसमुख थे कि उन्होंने कभी किसी को इलाज के लिए मना नहीं किया। जब भी मरीज या उनके परिजन मिलने जाते थे वे मुस्कुराकर हाल पूछते और उचित इलाज करते। कई बार मरीज या उसके परिजन कहते कि इतने पैसे नहीं है तो उनका जवाब होता था पहले आप इलाज करवा लें, पैसे बाद में आते रहेंगे। पहले जान बचाना जरूरी है। उनके इस व्यवहार के सभी कायल थे। स्टाफ के साथ भी उनका व्यवहार बेहद मृदुल था। गरीब और जरूरतमंद लोगों से वे फीस के नाम पर केवल एक रुपये की पर्ची कटवाते थे।

## नशा तस्करी पर शिकंजा: बैंसी से निंदाना रोड पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# दो लग्जरी गाड़ियों में ले जा रहे थे 32 किलो अफीम और चरस, 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो लग्जरी गाड़ियों में भारी मात्रा में अफीम और चरस लेकर जा रहे 4 युवकों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के कब्जे से 10 किलो 320 ग्राम अफीम और 21 किलो 560 ग्राम चरस बरामद की है। बरामद नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इतनी बड़ी खेप कहां से लाई गई थी और इसे किस स्थान पर सप्लाई किया जाना था।



### गश्त के दौरान पकड़ी नशे की खेप

पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एएनसी स्टाफ की टीम को यह सफलता मिली। सहायक उपनिरीक्षक अनिल के नेतृत्व में एएनसी स्टाफ की टीम आउटर बाइपास-152डी पर गांव निंदाना के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि गांव निंदाना निवासी दीपक, मोहित और एक अन्य दीपक तथा गांव अजायब निवासी सुमित नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त हैं और बड़ी खेप लेकर आने वाले हैं।

### आरोपियों में 3 निंदाना के और 1 अजायब का रहने वाला

सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तुरंत राजावाली गौहर रोड पर गांव बैंसी से निंदाना की ओर जाने वाले मार्ग पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद आगे चल रही एक वैन्यू कार और उसके पीछे बिना नंबर प्लेट की एक क्रेटा कार आती दिखाई दी। संदेह होने पर दोनों वाहनों को रोककर नियमानुसार तलाशी ली गई। पुलिस के अनुसार वैन्यू कार में सवार युवकों की पहचान चालक मोहित पुत्र राजेश निवासी गांव निंदाना तथा सुमित पुत्र राजसिंह निवासी गांव अजायब के रूप में हुई। वहीं बिना नंबर प्लेट की क्रेटा कार में चालक दीपक पुत्र कृष्ण और दीपक पुत्र राजसिंह, दोनों निवासी गांव निंदाना सवार मिले।

### केस दर्ज कर आरोपियों से पूछताछ कर रही पुलिस

तलाशी में क्रेटा कार से 10 किलो 320 ग्राम अफीम और 21 किलो 560 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस को शक है कि आरोपियों का कनेक्शन नशा तस्करी के किसी बड़े गिरोह से हो सकता है। पुलिस ने उनके खिलाफ थाना महम में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है ताकि पता लगाया जा सके कि वे नशे की खेप कहां से लाए थे और उनके साथ इस धंधे में कौन-कौन लोग शामिल हैं।

## बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान लोकेंद्र फोगाट की गिरफ्तारी पर 27 तक हाईकोर्ट की अंतरिम रोक

**धोखाधड़ी, जालसाजी व आपराधिक विश्वासघात के मामले में अग्रिम जमानत याचिका पर हुई सुनवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला बार एसोसिएशन के आठ बार पूर्व प्रधान रह चुके अधिवक्ता लोकेंद्र फोगाट उर्फ जोजो को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उन पर दर्ज आपराधिक विश्वासघात, धोखाधड़ी, जालसाजी व अन्य संबंधित धाराओं के मामले में अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए अगली सुनवाई तक उनकी गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस संजय वशिष्ठ की अदालत में हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है।

अधिवक्ता की ओर से दलील दी गई कि यह मामला रोहतक जिला बार एसोसिएशन में लंबे समय से चले आ रहे विवाद से जुड़ा है और इसी पृष्ठभूमि में उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। अदालत को यह भी बताया गया कि लोकेंद्र फोगाट के बार लाइसेंस के निलंबन से संबंधित बार काउंसिल ऑफ इंडिया की कार्रवाई पर दिल्ली हाईकोर्ट पहले ही रोक लगा चुका है। ऐसे में वर्तमान एफआईआर को भी उसी विवाद की कड़ी बताया गया। सभी पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला केवल आपराधिक आरोपों तक सीमित नहीं लगता, बल्कि इसका प्रभाव बार एसोसिएशन के आंतरिक विवादों पर भी दिखाई देता है। अदालत ने टिप्पणी की कि मामले के गुण-दोष पर अंतिम राय बनाने से पहले यह देखा जाना चाहिए कि क्या बार के वरिष्ठ सदस्यों के माध्यम से इस विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान संभव है। हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को निर्देश दिए हैं कि मामले में लगाए गए आरोपों, अब तक हुई जांच और एकत्र किए गए साक्ष्यों की विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट अदालत में पेश की जाए।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार का जवाब मिलने के बाद ही यह तय किया जाएगा कि याचिकाकर्ता को जांच में शामिल होने के संबंध में क्या निर्देश दिए जाएं। अंतरिम राहत देते हुए कोर्ट ने आदेश दिया कि अगली सुनवाई तक लोकेंद्र फोगाट की गिरफ्तारी पर रोक रहेगी। साथ ही हरियाणा के महाधिवक्ता (एजी) से भी मामले में सहयोग का अनुरोध किया गया है। अदालत ने कहा कि वे स्वयं या अपने कार्यालय के किसी वरिष्ठ अधिकारी के माध्यम से न्यायालय की सहायता करें। मामले की अगली सुनवाई 27 जुलाई को तय की गई है। उस दिन हरियाणा सरकार अपनी स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करेगी, जिसके बाद हाईकोर्ट अग्रिम जमानत याचिका पर आगे की सुनवाई करेगा।



## लोड रेगूलेशन के कारण दिनभर उमस भरी गर्मी से परेशान रहे शहरवासी

# दो घंटे बिजली, फिर आधा घंटा कटों ने बढ़ाई आफत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

भीषण गर्मी और बढ़ती बिजली मांग के बीच मंगलवार को रोहतक शहर के लोगों को बार-बार बिजली कटौती का सामना करना पड़ा। निगम ने लोड रेगुलेशन का हवाला देते हुए पूरे शहर में लगभग हर दो घंटे बाद 30-30 मिनट के बिजली कट लगाए। दिनभर चली इस व्यवस्था ने घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ दुकानदारों, व्यापारियों और छोटे कारोबारियों की परेशानी बढ़ा दी। हालात ऐसे रहे कि देर रात तक भी कई क्षेत्रों में कटौती का सिलसिला जारी रहा। सुबह से शुरू हुई बिजली की आंख-मिचौली पूरे दिन चलती रही। बिजली आते ही लोग राहत महसूस करते, लेकिन दो घंटे बाद फिर आधे घंटे के लिए सप्लाई बंद हो जाती। बार-बार बिजली जाने से इनवर्टर भी जवाब देने लगे। घरों में पंखे और कूलर बंद होने से लोगों को उमस का सामना करना पड़ा, वहीं ऑनलाइन काम करने वाले लोगों और विद्यार्थियों को भी दिक्कत हुई।



### बिजली जाने से परेशानी

दुकानदारों का कहना है कि बार-बार बिजली जाने से ग्राहकों को परेशानी हुई और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से जुड़े काम प्रभावित हुए।

### देर रात तक कटौती जारी

देर रात तक भी लोड रेगुलेशन जारी रहा। कई कॉलोनियों में रात के समय भी 30-30 मिनट की कटौती की गई। जिससे लोगों की नींद प्रभावित हुई और गर्मी का सामना करना पड़ा।

## भैयापुर में बिजली संकटः गुस्साए ग्रामीणों ने निगम कार्यालय घेरा, देर रात तक हंगामा

**रोहतक।** लगातार बिजली कटौती और घंटों तक आपूर्ति बहाल न होने से भैयापुर के ग्रामीणों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया। अंधेरे में रात गुजारने को मजबूर ग्रामीण बड़ी संख्या में बिजली निगम के कार्यालय पहुंच गए और अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कार्यालय का घेराव कर दिया। देखते ही देखते माहौल तनावपूर्ण हो गया और हंगामा बढ़ने पर पुलिस को मौके पर बुलाना पड़ा। देर रात तक निगम कार्यालय परिसर में ग्रामीणों और अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक चलती रही। ग्रामीणों का कहना था कि पिछले कई दिनों से गांव में बार-बार बिजली गुल हो रही है। लंबे-लंबे कट लगने से लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। भीषण गर्मी में बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। घरों में पानी की सप्लाई भी प्रभावित हो रही है, जबकि किसानों के खेतों में सिंचाई का कार्य भी बाधित हो रहा है।गुस्साए ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत दर्ज कराने के बावजूद बिजली निगम के अधिकारी समस्या का स्थायी समाधान नहीं कर रहे। हर बार तकनीकी खराबी का हवाला देकर मामला टाल दिया जाता है। इसी नाराजगी के चलते ग्रामीण रात के समय निगम कार्यालय पहुंचे और जवाब मांगने लगे।



## राखी के जन्मदिन पर हुआ पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**रोहतक।** शहीद सुरेश कुमार पार्क में नीलम प्रीतम धर्मार्थ ट्रस्ट की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के सदस्य हितेश गोयल तथा समाजसेवी जसबीर कुमार की पुत्री राखी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे अतिथियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान सभी ने पौधों की देखभाल का संकल्प भी लिया तथा मिष्ठान वितरित कर जन्मदिन धूमधाम से मनाया। ट्रस्ट के संस्थापक बृजेश गोयल ने बताया कि नीलम प्रीतम धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा अब तक रोहतक शहर के विभिन्न स्थानों पर करीब 500 विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जा चुके हैं। ट्रस्ट का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना और हरित वातावरण का निर्माण करना है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अतिथियों ने एक-एक पौधा भेंट कर नियमित रूप से उसकी देखभाल करने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर वार्ड-5 के पार्षद सुरेश किराड़, हितेश गोयल, डॉ. हर्ष कुलश्रेष्ठ, जसबीर कुमार, प्राची गुप्ता, धर्म सिंह, जगदीश शर्मा, राजेंद्र प्रसाद, प्रवीण सहगल, मीनाक्षी गोयल, गीता, कन्हैया राठौर, सुनील सिंधवानी, डॉ. रवि, एडवोकेट ओ.पी. चाहर, नवीन गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं बच्चे मौजूद रहे।

**शहर के अलग-अलग हिस्सों में अब तक लगाए जा चुके है 500 विभिन्न प्रजातियों के पौधे**

## नलों से आ रहा सीवरेज जैसा बदबूदार पानी, घरों की टंकियां भी हुई दूषित

# शिवाजी कॉलोनी व शीतल नगर में दूषित पेयजल से बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

शहर की शिवाजी कॉलोनी और शीतल नगर के लोगों को इन दिनों दूषित पेयजल की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के कई घरों में नलों से सीवरेज जैसा बदबूदार और गंदला पानी आ रहा है, जिससे लोगों में बीमारियों का डर बढ़ गया है। हालात ऐसे हैं कि यह दूषित पानी घरों की छतों पर बनी पानी की टंकियों तक पहुंच रहा है, जिसके कारण टंकियों में भी दुर्गंध फैल गई है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो बरसात के मौसम में जलजनित बीमारियों का खतरा और बढ़ सकता है। स्थानीय निवासी अजय कुमार, मंजीत गोयल, जयप्रकाश, जसबीर कुमार, जयवीर समेत अन्य लोगों ने कहा कि यह समस्या कोई नई नहीं है। पिछले कई वर्षों से समय-समय पर दूषित पेयजल की शिकायतें सामने आती रही हैं। हर बार विभाग की ओर से अस्थायी मरम्मत कर समस्या को कुछ समय के लिए दूर कर दिया जाता है, लेकिन कुछ दिनों बाद स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है। इससे लोगों में विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भी नाराजगी है। पुरानी और जर्जर पेयजल पाइपलाइन के कारण सीवरेज का गंदा पानी पेयजल लाइन में मिल जाता है। कई स्थानों पर पानी की पाइप और सीवर लाइन एक-दूसरे के बेहद करीब हैं। पाइपलाइन में लीकेज होने पर पानी का दबाव कम होने की स्थिति में सीवरेज का पानी पेयजल लाइन में प्रवेश कर जाता है, जिससे पूरे क्षेत्र में गंदे पानी की सप्लाई होने लगती है।

### पानी खरीदना पड़ रहा है

दूषित पानी के कारण लोगों को पीने के पानी के लिए बाजार से बोतलबंद पानी खरीदना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो डायरिया, टाइफाइड, पीलिया और अन्य जलजनित बीमारियां फैलने की आशंका बनी रहेगी।

### नई पाइपलाइन बिछाई जाए

लोगों ने जनस्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि केवल लीकेज ठीक करने तक सीमित रहने के बजाय क्षतिग्रस्त पेयजल पाइपलाइन को पूरी तरह बदलकर नई पाइपलाइन बिछाई जाए। जब तक नई लाइन नहीं डाली जाएगी, तब तक यह समस्या होती रहेगी।

### समाधान कराया

बहुत बार अवैध कनेक्शन के कारण इस तरह की समस्या पैदा होती है। इसके लिए हमने अभियान भी चलाया हुआ है। फिर भी कहीं पर समस्या बनी होती है तो उसका तुरंत समाधान करवा दिया जाता है। इस समस्या के लिए टीम भेजकर समाधान करवा दिया जाएगा। पीने के पानी के लिए आमजन को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। **-भूदेव कुमार, कनिष्ठ अभियंता, जनस्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग**



रोहतक। दूषित पानी दिखाता कॉलोनीवासी। *फोटो : हरिभूमि*



## भूतपूर्व सैनिक संघ ने भैणीभैरों में चलाया पौधरोपण अभियान

**महम।** भैणी भैरों गांव में भूतपूर्व सैनिक संघ ने पौधारोपण अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत गांव में छायादार व फलदार पेड़ों के 500 पौधे रोपित किए जाएंगे। सूबेदार विनोद रांगी ने बताया कि 100 से अधिक फल और छायादार पेड़ों के पौधे लगा दिए गए हैं। उन्होंने पौधारोपण अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने की दिशा में गाँव भैणी भैरों में भूतपूर्व सैनिक संघ के तत्वावधान में एक भव्य वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों, पूर्व सैनिकों, युवाओं तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। रोपित किए गए पौधों में आम, जामुन, आंवला, मोरंगी तथा कदंब जैसे पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत उपयोगी वृक्ष शामिल रहे। इन वृक्षों से भविष्य में न केवल हरियाली बढ़ेगी, बल्कि ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण, बेहतर जैव विविधता और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में भी सहायता मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे लगाए गए प्रत्येक पौधे की नियमित देखभाल करेंगे तथा पर्यावरण संरक्षण के हर अभियान में पूर्ण सहयोग देंगे। सूबेदार विनोद रांगी ने ग्रामीणों को शपथ दिलाई कि प्रत्येक परिवार वर्षा ऋतु में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएगा और उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखेगा। इस मौके पर कर्नल किताब रांगी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है।

## हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ आज एमडीयू में होगा सीधा प्रसारण

**रोहतक।** देश के रेल परिवहन इतिहास में शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस अवसर पर रोहतक में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के टैगोर सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन के अनुसार एमडीयू के टैगोर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन ऊषा प्रियदर्शिनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। साथ ही विशेष तौर पर पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, मेयर रामअवतार वाल्मीकि, जिप चेयरमैन मंजू हुड्डा, जिला प्रधान भाजपा रणवीर ढाका, दीपक निवास हुड्डा, रेनु डाबला व सतीश खट्टर आदि मौजूद रहेंगे। जिलाधीश सचिन गुप्ता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए पूरे जिले को 17 जुलाई के लिए नो फ्लाइंग जोन घोषित किया है। प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आवश्यक जिम्मेदारियां सौंप दी हैं। तैयारियों का निरीक्षण नगराधीश शुभम ने किया। उन्होंने सभागार में बैठक व्यवस्था, एलईडी स्क्रीन, ध्वनि व्यवस्था, पेयजल तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणबीर सिंह ढाका, डॉ. अशोक रंगा, नितिन जैन, हरिओम भाली और पंकज भारद्वाज ने भी कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों की जानकारी ली। आगंतुकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।



## किला रोड प्याऊ से भगत सिंह कॉम्प्लेक्स तक बनेगी सड़क, दुकानदारों को मिलेगी सुविधा



**रोहतक।** शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र किला रोड में विकास कार्यों को गति देते हुए प्याऊ से भगत सिंह कॉम्प्लेक्स तक नई सड़क का निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही आसपास की गलियों का भी निर्माण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के हजारों दुकानदारों, ग्राहकों और स्थानीय लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। यह कार्य किला रोड सौंदर्यीकरण योजना के तहत किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बाजार क्षेत्र को अधिक व्यवस्थित, सुरक्षित और आकर्षक बनाना है। किला रोड रोहतक के सबसे व्यस्त बाजारों में से एक है, जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग खरीदारी और व्यापारिक कार्यों के लिए पहुंचते हैं। लंबे समय से सड़क और गलियों की खराब स्थिति के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब सड़क निर्माण और गलियों के विकास से न केवल आवाजाही आसान होगी बल्कि बाजार की सुंदरता भी बढ़ेगी। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि बेहतर सड़क बनने से ग्राहकों की आवाजाही बढ़ेगी, जिससे कारोबार को भी लाभ मिलेगा। बाजार में आने वाले वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को भी पहले की तुलना में अधिक सुविधा मिलेगी। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद जलभराव और धूल जैसी समस्याओं से भी काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है।किला रोड सौंदर्यीकरण परियोजना के तहत सड़क निर्माण के साथ अन्य आवश्यक विकास कार्य भी चरणबद्ध तरीके से किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि इन कार्यों से बाजार का स्वरूप बदलेगा और यह क्षेत्र पहले से अधिक व्यवस्थित नजर आएगा।

## कमर्शियल वाहनों के मासिक पास भी हुए ज्यादा महंगे

# मदीना टोल पर बढ़ी दरें, 5 से 25 रुपये की ज्यादा वसूली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महम

महम के मदीना गांव में दिल्ली-हिसार राष्ट्रीय राजमार्ग 9 पर बनाए गए टोल प्लाजा पर आवागमन करने वाले वाहन चालकों के लिए भी टोल दरें बढ़ा दी गई हैं। टोल कंपनी द्वारा नए रेट जारी कर दिए गए हैं। कार, जीप, वैन और अन्य हल्के वाहनों के आवागमन पर मामूली बढोतरी की गई है। लेकिन व्यावसायिक वाहनों के मालिकों की जेब पर ज्यादा असर पड़ा है। केवल एक तरफा यात्रा पर ही हल्के वाहन चालकों को पांच रुपए अतिरिक्त देने होंगे। बस ट्रक की सिंगल और डबल एंट्री पर दस दस रुपए की बढ़ोतरी की गई है। तीन एक्सल वाले व्यावसायिक वाहनों पर पहले एक तरफ यात्रा के लिए 280 रुपए लिए जाते थे। अब ऐसे वाहनों से 285 रुपए वसूले जाएंगे। 3 एक्सल वाहनों की दो तरफा यात्रा के लिए पहले 420 रुपए लिए जाते थे। अब इसको बढाकर 430 कर दिया गया है। इन वाहनों की सिंगल ओर डबल एंट्री पर सीधे दस रुपए बढा दिए गए हैं। 4 से 6 एक्सल वाहनों की सिंगल ट्रिप पर पहले 400 रुपए वसूले जाते थे। अब इसमें 10 रुपए की बढोतरी कर दी गई है। अब इन वाहनों के चालकों से 410 रुपए लिए जाएंगे। इसी प्रकार इन वाहनों की डबल ट्रिप पर पहले 600 रुपए लिए जाते थे। लेकिन अब इस पर 20 रुपए की बढोतरी की गई है। अब डबल यात्रा करने वाले 4 से 6 एक्सल वाले वाहनों से 620 रुपए वसूले जाएंगे। 7 एक्सल और उससे अधिक एक्सल वाले अथवा ऑवर साइज वाहनों से पहले सिंगल एंट्री का 485 रुपए टॉल टैक्स लगता था। लेकिन अब ऑवर साइज वाहनों का एक तरफ का 500 रुपए टोल टैक्स लिया जाएगा। यदि ये वाहन पहले आना और जाना दोनों करते थे, तो ऐसे वाहनों के चालकों से 730 रुपए वसूले जाते थे। लेकिन अब सीधा 25 रुपए बढा दिए गए हैं।

### मासिक पास में भी की गई बढ़ोतरी

मदीना टोल प्लाजा के मैनेजर अजय अहलावत ने जानकारी दी है कि मासिक पास के रेटों में बढ़ोतरी की गई है। पहले जहां कार,



जीप, वैन और एलएमवी के मासिक पास की फीस 2515 रुपए थे, जिसको बढ़ाकर अब 2590 कर दिया गया है। एलसीवी, एलजीवी और मिनी बस का मासिक पहले 4060 रुपए में बनता था। लेकिन अब इसके लिए 4185 रुपए देने होंगे। दो एक्सल वाले ट्रक और बस के लिए पहले 8505 रुपए का मंथली पास बनता था, जो अब 8765 रुपए में बनेगा। तीन एक्सल वाले वाहनों का मासिक पास पूर्व में 9280 रुपए में बनाया जाता था। लेकिन अब उसके लिए 9565 रुपए देने होंगे। चार से छह एक्सल वाहनों का मासिक पास पहले 13340 में बनाया जाता था। लेकिन अब यह पास बनवाने के लिए 13750 रुपए खर्च करने होंगे। ऑवर साइज वाहनों अथवा 7 या इससे अधिक एक्सल वाले वाहनों के लिए मासिक पास का रेट 16240 रुपए प्रतिमाह तय किया गया था। लेकिन इस मंथली पास के लिए वाहन चालकों को 16735 रुपए देने होंगे।

## अमेरिका से समझौते के विरोध में भाजपा कार्यालय को घेरेंगे किसान



**रोहतक।** अखिल भारतीय किसान सभा की जिला पदाधिकारियों की बैठक गुरुवार को जसबीर भवन में जिला प्रधान सुनील मलिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में किसानों की स्थानीय समस्याओं पर चर्चा करने के साथ संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 22 जुलाई को भाजपा कार्यालय के घेराव की तैयारी को लेकर रणनीति बनाई गई। इसके अलावा 10 अगस्त को प्रस्तावित संयुक्त किसान-मजदूर जेल भरो आंदोलन को सफल बनाने पर भी विचार किया गया। जिला सचिव सुमित दलाल ने बताया कि बैठक में नहरी पानी की पर्याप्त आपूर्ति, खाद के साथ अन्य सामग्री की जबरन बिक्री पर रोक, खाद की दुकानों पर स्टॉक बोर्ड लगाने, फसल खराबे का मुआवजा तथा गांवों में निर्बाध बिजली आपूर्ति जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

## न्यूज डायरी



### गढ़ी सांपला में 1.25 एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर चला डीटीपी का बुलडोजर

**रोहतक।** जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) विभाग ने गुरुवार को रोहतक और सांपला नियंत्रित क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों एवं अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ अभियान चलाते हुए गांव गढ़ी सांपला में विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की। विभाग की टीम ने करीब 1.25 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही कॉलोनी में बनाए गए डब्ल्यूबीएम रोड नेटवर्क को तोड़ दिया। मौके पर बने एक अवैध निर्माण को भी ध्वस्त किया गया।कार्रवाई के दौरान डीटीपी कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा। कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध कॉलोनियों और अनधिकृत निर्माणों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। लोगों से अपील की गई है कि किसी भी कॉलोनी या भूखंड में निवेश करने से पहले उसकी वैधता की जांच जिला नगर योजनाकार कार्यालय से अवश्य कर लें।



### विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के कार्य को 24 जुलाई तक करें पूरा : एसडीएम विपिन कुमार

**महम।** महम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी विपिन कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जारी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के कार्य को निर्धारित समय सीमा 24 जुलाई तक पूर्ण करें। एसडीएम ने अपने कार्यालय में सुपरवाइजरों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य को 24 जुलाई तक पूर्ण करवाया जाए उन्होंने कहा कि उनके कार्यालय द्वारा राजनीतिक दलों को भी पत्र भेजकर अनुरोध किया गया है कि वे बीएलओ कि अनुपस्थित, स्थानांतरित व लापता की सूची में शामिल मतदाताओं की बूथ स्तर एजेंटों के माध्यम से वेरिफिकेशन करवाए ताकि मतदाता सूची के पात्र मतदाताओं के नाम ही शामिल हो। एसडीएम ने कहा कि इसी संदर्भ में 17 जुलाई को महम स्थित राजकीय महाविद्यालय में बूथ स्तर एजेंटों की बैठक आयोजित की जाएगी।

### बैंसी के सरकारी स्कूल से लापता हुए तीन बच्चे हरिद्वार में मिले, पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**रोहतक।** लाखन माजरा खंड के गांव बैंसी में तीन स्कूली बच्चे लापता हो गए थे। गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले इन तीनों बच्चों को पुलिस ने हरिद्वार से सकुशल बरामद कर लिया है। 13, 14 और 15 साल के ये स्कूली छात्र 14 जुलाई को गांव के सरकारी स्कूल से लापता हो गए थे। इस संबंध में लापता एक बच्चे के पिता सुनील पुत्र सुरजा ने लाखन माजरा थाने में शिकायत दी थी और उसने पुलिस से अपने बच्चे को ढूंढने की गुहार लगाई थी। पुलिस को दी शिकायत में सुनील ने बताया कि 14 जुलाई को उसका बेटा लक्ष्य व इसी गांव का मोहित पुत्र जयभगवान और रितेश पुत्र रोशन सुबह स्कूल में पढने के लिए गए थे। लेकिन वे छुट्टी के बाद वापस घर नहीं लौटे। उन्होंने अपने स्तर पर अपने बच्चों की तलाश की लेकिन वे उनको नहीं मिले। जब देर रात तक भी बच्चे वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने 15 जुलाई को लाखन माजरा थाने में शिकायत दी। पुलिस को दी शिकायत में परिजनों ने बताया कि स्कूल और गांव में पूछताछ के बाद यह सुराग लगा है कि वे तीनों अपने दोस्तों को यह कहकर गए हैं, वे तीनों हरिद्वार जा रहे हैं।

### 24 जुलाई तक पूरा होगा एसआईआर अभियान मृत व स्थानांतरित मतदाताओं का होगा सत्यापन

**रोहतक।** महम के उपमंडलाधीश एवं महम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी विपिन कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जारी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के कार्य को निर्धारित समय सीमा 24 जुलाई तक हर हाल में पूर्ण करें। एसडीएम विपिन कुमार ने अपने कार्यालय में सुपरवाइजरों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य को 24 जुलाई तक पूर्ण करवाया जाए उन्होंने कहा कि उनके कार्यालय द्वारा राजनीतिक दलों को भी पत्र भेजकर अनुरोध किया गया है कि वे बीएलओ कि अनुपस्थित, स्थानांतरित व लापता की सूची में शामिल मतदाताओं की बूथ स्तर एजेंटों के माध्यम से वेरिफिकेशन करवाए ताकि मतदाता सूची के पात्र मतदाताओं के नाम ही शामिल हो।





### बाल श्रम मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी जीरो टॉलरेंस नीति लागू : अतिरिक्त उपायुक्त

**रोहतक।** रोहतक जिले को पूर्ण रूप से बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन ने जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के वरिष्ठ अधिकारी केपीजे जेरल्ड की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को बाल श्रम के मामलों में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मीटिंग में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का कार्य कराना कानूनन संज्ञेय अपराध है। ऐसे मामलों की सूचना मिलते ही संबंधित व्यक्ति के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाल श्रम के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिले में बाल श्रम की रोकथाम, बचाव और पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि बाल श्रम से मुक्त कराए गए बच्चों का प्रभावी पुनर्वास किया जाए और उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। साथ ही राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की वेबसाइट पर सभी आवश्यक सूचनाएं समय पर अपलोड करने के भी निर्देश दिए गए।

### बीएसएनएल कंपनी ने शुरू किया 259 रुपये का एफटीटीएच प्लान, युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार

**रोहतक।** रोहतक जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में भारत सरकार की भारतनेट (ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क)



योजना के तहत तेजी से काम किया जा रहा है। बीएसएनएल के माध्यम से गांव-गांव हाईस्पीड फाइबर ब्रॉडबैंड सेवा पहुंचाने की तैयारी है। इस योजना से जहां ग्रामीणों को बेहतर इंटरनेट सुविधा मिलेगी, वहीं स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। बीएसएनएल रोहतक के उपमहाप्रबंधक दूरसंचार सुभाष चंद्र ने बताया कि भारतनेट योजना का उद्देश्य केवल इंटरनेट उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि ग्रामीण युवाओं को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ना भी है। योजना के तहत स्थानीय उद्यमियों को ब्रॉडबैंड सेवाओं के विस्तार में भागीदार बनाया जा रहा है। सक्रिय ब्रॉडबैंड कनेक्शनों से प्राप्त आय का 50 प्रतिशत तक राजस्व स्थानीय भागीदारों को मिलेगा, जिससे गांवों में स्वरोजगार के नए अवसर विकसित होंगे। उन्होंने बताया कि ग्रामीण उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बीएसएनएल ने 259 रुपये प्रतिमाह का एफटीटीएच ब्रॉडबैंड प्लान शुरू किया है। डीजीएम के मुताबिक इस प्लान में 25 एमबीपीएस तक की इंटरनेट स्पीड, अनलिमिटेड डेटा, अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग और निःशुल्क इंस्टॉलेशन जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। उपभोक्ता अपनी सुविधा के अनुसार मासिक, त्रैमासिक या वार्षिक प्लान भी चुन सकते हैं।



## सोमवार से होंगी स्कूली खेल प्रतियोगिता

**सांपला।** सोमवार से वार्षिक खेल प्रतियोगिता शुरू होगी। जो 4 दिन चलेगी। खेलों के आयोजन को लेकर गुरुवार को खरावड़ गांव के कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में सभी स्कूल संचालकों व डीपी की बैठक हुई। जिसमें बताया गया कि 20 से 25 जुलाई तक ब्लॉक सत्र के खेल प्रतियोगिता होगी। इस प्रतियोगिता में 14 खेलों में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। जिसमें अंदर 14 अंदर 17 और अंदर-19 आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं के मुकाबले आयोजित होंगे।

दो लाख से घटकर 15 हजार के आसपास रह गई छात्र संख्या, अब डिजिटल मॉडल पर जोर

प्रवेश से लेकर अधिकांश छात्र सेवाएं होंगी ऑनलाइन
दूसरे राज्यों के विद्यार्थियों को भी मिलेगा लाभ

# एमडीयू डिस्टेंस एजुकेशन को मिली 5 साल की यूजीसी मान्यता, 30 हजार दाखिलों का लक्ष्य

**कभी 850 करोड़ तक पहुंची थी आय अब नई व्यवस्था से बढ़ने की उम्मीद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो (डीईबी) से शैक्षणिक सत्र 2026-27 से अगले पांच वर्षों के लिए ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) तथा ऑनलाइन (ओएल) पाठ्यक्रम संचालित करने की मान्यता मिल गई है। इस मंजूरी के साथ विश्वविद्यालय ने दूरस्थ शिक्षा को आधुनिक डिजिटल स्वरूप देने और नए सत्र में 30 हजार विद्यार्थियों के प्रवेश का लक्ष्य तय किया है। प्रवेश प्रक्रिया अगस्त सत्र से शुरू होगी।



### सीडीओई पाठ्यक्रमों को मिली मान्यता

यूजीसी ने इन पाठ्यक्रमों को दी मंजूरी सीडीओई निदेशक प्रो. राजेश धनखड़ ने बताया कि यूजीसी-डीईबी ने बीए, बीकॉम, एमकॉम, एमएससी गणित तथा एमए अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, लोक प्रशासन और पत्रकारिता एवं जनसंचार सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों को अगले पांच वर्षों के लिए मान्यता प्रदान की है। सभी पाठ्यक्रम यूजीसी (ओडीएल एवं ऑनलाइन प्रोग्राम्स) विनियम-2020 के तहत संचालित होंगे। अगस्त 2026 सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने तथा डीईबी पोर्टल पर विद्यार्थियों का विवरण अपलोड करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है।

**तकनीकी बदलावों के अनुरूप व्यवस्था नहीं हुई विकसित**

एमडीयू का डिस्टेंस एजुकेशन निदेशालय कभी विश्वविद्यालय की आय का सबसे बड़ा आधार हुआ करता था। वर्ष 2009-10 में दूरस्थ शिक्षा से विश्वविद्यालय को करीब 850 करोड़ रुपये की आय हुई थी। उस समय देशभर से दो लाख से अधिक विद्यार्थी यहां अध्ययन कर रहे थे, लेकिन बाद के वर्षों में प्रतिस्पर्धा बढ़ने और तकनीकी बदलावों के अनुरूप व्यवस्था विकसित नहीं होने से छात्र संख्या लगातार घटती गई। वर्ष 2025-26 में आय घटकर करीब 10 से 12 करोड़ रुपये रह गई, जबकि कुल विद्यार्थी संख्या लगभग 14 से 15 हजार के बीच सिमट गई।

### अब घर बैठे मिलेंगी सेवाएं

प्रो. राजेश धनखड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय दूरस्थ शिक्षा को पूरी तरह छात्र हितैषी बनाने की दिशा में काम कर रहा है।



प्रवेश, फीस जमा करना, दस्तावेज अपलोड करना, अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना, छात्र सेवाएं तथा अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को चरणबद्ध तरीके से ऑनलाइन किया जा रहा है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद विद्यार्थियों को अधिकांश कार्यों के लिए विश्वविद्यालय नहीं आना पड़ेगा। इससे हरियाणा के साथ-साथ दूसरे राज्यों के विद्यार्थियों को भी समय और खर्च दोनों की बचत होगी। उन्होंने बताया कि पहले दूरस्थ शिक्षा की सुविधा सीमित विश्वविद्यालयों में उपलब्ध थी, लेकिन अब देशभर के अनेक विश्वविद्यालय इस क्षेत्र में सक्रिय हैं। प्रतिस्पर्धा बढ़ने के कारण एमडीयू को भी अपनी व्यवस्था आधुनिक बनानी जरूरी हो गई थी।

### कुलपति बोले, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना लक्ष्य

कुलपति प्रो. मिलाप पूनियां ने अगले पांच वर्षों के लिए यूजीसी-डीईबी की मान्यता मिलने पर सीडीओई निदेशक प्रो. राजेश धनखड़ और उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विश्वविद्यालय का उद्देश्य स्थान और समय की बाधाओं से मुक्त, सुलभ, किफायती तथा गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना है। आधुनिक तकनीक आधारित दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों, नौकरीपेशा युवाओं तथा नियमित कक्षाओं में शामिल नहीं हो पाने वाले विद्यार्थियों को बेहतर अवसर मिलेंगे।

## फुटपाथ गायब, सड़क पर अवैध पार्किंग और रेहड़ियों का अतिक्रमण

**जाम से रोज जूझ रहे हजारों लोग**

# कोर्ट रोड पर कदम-कदम पर कब्जा हर मिनट में रोज थम जाते हैं पहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले की सबसे व्यस्त सड़कों में शामिल कोर्ट रोड आज अतिक्रमण और ट्रैफिक अव्यवस्था की मार झेल रही है। कभी पैदल चलने वालों के लिए बनाए गए फुटपाथ अब दुकानों के बाहर सजे सामान और रेहड़ियों की भेंट चढ़ चुके हैं। सड़क के दोनों ओर अवैध पार्किंग, बीच सड़क पर रुकते ऑटो और ई-रिक्शा, गलत दिशा से दौड़ते वाहन और हर कुछ मिनट में लगने वाला जाम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुका है। अदालत, वकीलों के चैंबर, बैंक, सरकारी कार्यालय, बाजार और शिक्षण संस्थानों की वजह से दिनभर वाहनों का भारी दबाव रहता है, लेकिन ट्रैफिक व्यवस्था उस अनुपात में नजर नहीं आती। सुबह अदालत खुलने से लेकर शाम तक कोर्ट रोड पर वाहनों की लंबी कतारें दिखाई देती हैं। दोपहिया और चारपहिया वाहन सड़क किनारे जहां जगह मिली, वहीं खड़े कर दिए जाते हैं। कई दुकानदार अपना सामान फुटपाथ से आगे सड़क तक फैला देते हैं। ऐसे में सड़क की चौड़ाई सिमट जाती है और थोड़ी-सी भी रुकावट पूरे यातायात को थाम देती है। सबसे ज्यादा परेशानी पैदल चलने वालों को होती है। फुटपाथ पर कब्जा होने के कारण उन्हें मजबूरन सड़क पर चलना पड़ता है। बुजुर्ग, महिलाएं और स्कूली बच्चे लगातार गुजरते वाहनों के बीच से रास्ता बनाने को विवश हैं। इससे हादसों का खतरा भी बढ़ गया है।

सिटी पल्स



कोर्ट रोड

### गलत दिशा में वाहन चलाने से बढ़ती अव्यवस्था

कई वाहन चालक समय बचाने के लिए गलत दिशा से वाहन निकालते हैं। बार-बार यू-टर्न लेने और नियमों की अनदेखी से जाम और गंभीर हो जाता है।

### वाहनों को नहीं मिलता रास्ता

कई स्थानों पर रेहड़ी-फड़ी संचालकों ने सड़क के हिस्से तक कब्जा कर रखा है। इससे वाहनों के गुजरने की जगह और कम हो जाती है।

### व्यस्त समय में नहीं होती पुलिस

व्यस्त समय में पर्याप्त ट्रैफिक पुलिसकर्मी नहीं होने के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित रहती है। लोगों का कहना है कि यदि नियमित निगरानी और चालान कार्रवाई हो तो काफी हद तक समस्या कम हो सकती है।

### फुटपाथ पर अतिक्रमण

कोर्ट रोड पर कई दुकानदारों ने अपना सामान फुटपाथ तक फैला रखा है। वहीं रेहड़ी-फड़ी संचालकों ने भी कई स्थानों पर स्थायी रूप से कब्जा जमा लिया है। परिणामस्वरूप पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ लगभग समाप्त हो चुके हैं।

### इसलिए परेशानी

सड़क के दोनों ओर कार, बाइक और अन्य वाहन खड़े होने से सड़क काफी संकरी हो जाती है। कई वाहन चालक नो-पार्किंग क्षेत्र में भी वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे यातायात प्रभावित होता है।

### पूरे दिन चलते हैं वाहन

कोर्ट, बैंक, सरकारी कार्यालय और बाजार एक ही मार्ग पर होने के कारण पूरे दिन वाहनों का दबाव बना रहता है। पीक आवर्स में हर कुछ मिनट में जाम की स्थिति बन जाती है और लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ता है।

### ऑटो की मनमानी

सवारी बैठाने और उतारने के लिए ऑटो और ई-रिक्शा चालक बीच सड़क पर ही वाहन रोक देते हैं। इससे पीछे चल रहे वाहनों की लंबी कतार लग जाती है।

### स्कूल के बाहर लंबा जाम

आसपास के स्कूलों के खुलने और छुट्टी के समय अभिभावकों के वाहनों की भीड़ से ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है। कई बार स्कूल के बाहर भी लंबा जाम लग जाता है।

### एम्बुलेंस को नहीं मिलता रास्ता

जाम के कारण एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसे आपातकालीन वाहनों को भी रास्ता बनाने में होती है परेशानी, जिससे आपात सेवाएं प्रभावित होती हैं।

### हादसे का खतरा हर समय

फुटपाथ न होने से पैदल यात्रियों, बुजुर्गों व बच्चों को सड़क पर चलना पड़ता है। वाहनों और भीड़ के बीच दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### यातायात में लगता है काफी समय



रोज कोर्ट रोड से गुजरना पड़ता है। कई बार पांच मिनट का रास्ता 20-25 मिनट में तय होता है। सबसे ज्यादा परेशानी अवैध पार्किंग और बीच सड़क पर खड़े ऑटो से होती है।
-अरविंद धीमान, कर्मचारी

### चलने से लगा रहता है डर



फुटपाथ पर दुकानदारों और रेहड़ियों का कब्जा है। बच्चों के साथ सड़क पर चलना पड़ता है। हर समय डर रहता है कि कहीं कोई वाहन टक्कर न मार दे। प्रशासन को स्थायी समाधान करना चाहिए।
-आकाश कुमार

## एमडीयू की डॉ. निधि को 14 लाख का शोध अनुदान मिला

- हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद ने दी शोध परियोजना को मंजूरी, युवाओं के रोजगार पर होगा अध्ययन



डॉ. निधि डॉ. माधुरी प्रो. संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड एलाइड स्टडीज, गुरुग्राम की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. निधि की शोध परियोजना को हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद ने हरियाणा स्टेट रिसर्च फंड (एचएसआरएफ) के तहत 14 लाख रुपये का अनुदान स्वीकृत किया है। यह परियोजना हरियाणा में युवाओं के कौशल विकास और रोजगार क्षमता को लेकर नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

डॉ. निधि की शोध परियोजना-हरियाणा में युवाओं का कौशल विकास एवं रोजगार क्षमता : मांग आधारित रोजगार ढांचे के माध्यम से मूल्यांकन का चयन राज्य स्तरीय विशेषज्ञों की समीक्षा के बाद किया गया है। परियोजना की अवधि एक वर्ष होगी। इसमें एमडीयू के आईएचटीएम के प्रो. संदीप मलिक तथा शिक्षा विभाग की डॉ. माधुरी हुड्डा सह-अन्वेषक के रूप में शामिल हैं।

कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ ने डॉ. निधि और उनके सहयोगियों को बधाई देते हुए कहा कि एमडीयू में समाज की आवश्यकताओं से जुड़े शोध कार्यों को लगातार प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह शोध युवाओं को रोजगार से जोड़ने वाली योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने में सहायक होगा और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इस परियोजना के निष्कर्ष कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्र में नई संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

डॉ. निधि ने कहा कि शोध के दौरान यह पता लगाया जाएगा कि प्रदेश के युवाओं के कौशल और उद्योगों की जरूरतों के बीच कितना अंतर है तथा रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए किस प्रकार का कौशल विकास मॉडल सबसे प्रभावी हो सकता है। अध्ययन के निष्कर्ष सरकार और नीति निर्माताओं के लिए भी उपयोगी साबित होंगे। उन्होंने हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद और विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अनुदान शोध को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

## 20 से 24 तक मनाएंगे व्यावसायिक सप्ताह

**रोहतक।** रोजगार विभाग की ओर से 20 से 24 जुलाई तक जिले में व्यावसायिक सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और करियर से जुड़े विभिन्न अवसरों की जानकारी देने के साथ विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त सचिन गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि सप्ताह के दौरान सभी रोजगार कार्यालयों और विश्वविद्यालय रोजगार सूचना एवं मार्गदर्शन केंद्रों के अलावा विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें विद्यार्थियों को रोजगार के विकल्प, स्वरोजगार योजनाएं, रोजगारपरक पाठ्यक्रम तथा कौशल विकास से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। साथ ही युवाओं को उनकी योग्यता और रुचि के अनुसार करियर चयन के लिए विशेषज्ञों से परामर्श भी मिलेगा।





## प्रो. दिनेश सिंह की पुस्तक 'लाइफ स्किल फॉर एवरीडे लाइफ' का विमोचन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह सांगवान ने महाविद्यालय के ही प्रोफेसर दिनेश सिंह द्वारा लिखित अत्यंत उपयोगी पुस्तक 'लाइफ स्किल फॉर एवरीडे लाइफ' का विमोचन किया। यह पुस्तक आधुनिक जीवनशैली से उत्पन्न चुनौतियों, मानसिक तनाव और व्यावहारिक कौशल की कमी को दूर करने के उद्देश्य से लिखी गई है। इसमें सरल और प्रभावी ढंग से बताया गया है कि कैसे दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव और जीवन कौशल अपनाकर सफलता व मानसिक शांति प्राप्त की जा सकती है। प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र सांगवान ने लेखक को बधाई देते हुए कहा कि आज के दौर में, जब युवा मानसिक दबाव से गुजर रहे हैं, यह पुस्तक उन्हें सही मार्गदर्शन देगी और व्यावहारिक रूप से जीवन को समृद्ध बनाएगी। लेखक प्रो. दिनेश सिंह ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि एक शिक्षक के रूप में विद्यार्थियों की व्यावहारिक व मानसिक समस्याओं को करीब से देखने के बाद ही उन्हें यह पुस्तक लिखने की प्रेरणा मिली। यह पुस्तक पाठकों में सकारात्मक नजरिया विकसित करने की एक बेहतरीन गाइड बुक है।

## नशे से दूर रहने का लिया संकल्प

- विद्यार्थियों को साइबर ठगी और यातायात नियमों का भी पढ़ाया पाठ
- पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने निजी स्कूल में चलाया जागरूकता अभियान, हेल्पलाइन 1933 व साइबर हेल्पलाइन 1930 की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने कच्चा चमारिया रोड स्थित एक निजी स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव, साइबर अपराधों और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने /"नशा मुक्त भारत–सुरक्षित भारत का संकल्प भी लिया। पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित के निर्देशन में जिले में नशा मुक्त भारत अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में उपनिरीक्षक मोहन के नेतृत्व में गठित नशा मुक्ति टीम ने डोर-टू-डोर अभियान के दौरान कच्चा चमारिया रोड स्थित निजी स्कूल में विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। टीम ने विद्यार्थियों को बताया कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज का सबसे बड़ा दुश्मन है। इससे न केवल स्वास्थ्य प्रभावित होता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी बर्बाद हो जाता है। विद्यार्थियों से पढ़ाई, खेल और अपने सपनों पर ध्यान केंद्रित करने तथा नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहने का आह्वान किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों पर भी चर्चा की गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि साइबर ठग फोन कॉल, सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से ओटीपी, पासवर्ड और बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी हासिल करने का प्रयास करते हैं। किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। साइबर ठगी होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई, ताकि समय रहते ठगों के खातों को फ्रीज कराया जा सके।



**रोहतक।** विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति भी जागरूक करते उपनिरीक्षक मोहन।

**धीरू सिंह और आरव जेफ रहे जीत के हीरो**

## फरीदाबाद ने जीती पटौदी ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



हरीश



धीरू सिंह

पटौदी ट्रॉफी 2026-27 के अंतर्गत लाहली के चौधरी बंसीलाल क्रिकेट स्टेडियम (ग्राउंड-सी) में खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में फरीदाबाद ने गुड़गांव को 93 रनों के भारी अंतर से शिकस्त देकर शानदार जीत दर्ज की है। पहले बल्लेबाजी करते हुए फरीदाबाद की टीम ने 44.1 ओवरों में सभी विकेट खोकर 190 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। फरीदाबाद की ओर से बल्लेबाज धीरु सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 93 गेंदों पर सर्वाधिक 75 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि आदर्श शर्मा ने 32 और रोहन देशवाल ने 22 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। गुड़गांव की तरफ से गेंदबाजी में हरीश भड़ाना ने शानदार स्पेल डालते हुए 10 ओवरों में 35 रन देकर 3 विकेट झटके, वहीं सौरभ यादव और यश कटारिया ने 2-2 विकेट हासिल किए। 191 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुड़गांव की टीम फरीदाबाद की धारदार गेंदबाजी के आगे पूरी तरह बेबस नजर आई और महज 34.3 ओवरों में 97 रनों पर ही ढेर हो गई। गुड़गांव के लिए लक्ष्य यादव ने सर्वाधिक 30 और सुमित कुमार ने 22 रन बनाए, लेकिन अन्य कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा छूने के लिए संघर्ष करता दिखा। फरीदाबाद की जीत के मुख्य सूत्रधार गेंदबाज आरव जेफ रहे, जिन्होंने 10 ओवरों में 40 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। वहीं, आदर्श शर्मा ने बेहतरीन ऑलराउंड खेल दिखाते हुए महज 4 ओवरों में 5 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए, जबकि आयुष सिंह को भी 2 सफलताएं मिलीं। बेहतरीन खेल के दम पर फरीदाबाद ने इस एकतरफा मुकाबले को 93 रनों से जीतकर अपने नाम कर लिया।

**सूचना**

मैं, राजमल पुत्र श्री दलीप सिंह निवासी मकान नंबर 719-ए/21, कैलाश कॉलोनी, रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र श्री भगवान मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**मानसरोवर हॉस्पिटल**
**REQUIRES**
- MRI/CT TECHNICIAN 4
- COMPUTER OPERATOR 2
- PRO 2
- NURSING STAFF 4
- WARD BOY 2
- GATE KEEPER 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

नई सड़क परियोजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ेगी विकास की रफ्तार

**100 किलोमीटर सड़क निर्माण से लोगों को सुगम आवागमन मिलेगा**

# 10 सड़क परियोजनाओं पर 12.90 करोड़ रुपये मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गढ़ी-सांपला किलोई विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में सड़क संपर्क को मजबूत करने की दिशा में बड़ी पहल की गई है। क्षेत्र की 10 महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी मिल गई है, जिन पर करीब 12.90 करोड़ रुपये (1289.99 लाख रुपये) खर्च किए जाएंगे। इन परियोजनाओं के तहत 100 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण, चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण, इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक (आईपीबी) बिछाने, साइड ड्रेन और रिटेनिंग वॉल जैसे विकास कार्य किए जाएंगे। इन कार्यों के पूरा होने से हजारों ग्रामीणों को बेहतर और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी।

स्वीकृत परियोजनाओं में सबसे बड़ी योजना इस्माइला से कुलताना मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण की है। 3.420 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर 5.42 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। वहीं अटायल से गांधरा सड़क के 3.174 किलोमीटर लंबे हिस्से के सुदृढ़ीकरण पर 1.25 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके अलावा सांघी से छज्जूवाला पुल तक ड्रेन नंबर-8 के ऊपर बनी सड़क के सुदृढ़ीकरण एवं 80 एमएम आईपीबी तथा 30 एमएम बीसी ओवरले के लिए 87.83 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। सांपला-कंसरेटी मार्ग पर भी 67.95 लाख रुपये की लागत से सड़क मजबूत करने और आईपीबी बिछाने का कार्य होगा। जसिया गांव में पुराने एनएच-71ए पर आरसीसी साइड ड्रेन निर्माण तथा दोनों ओर 80 एमएम आईपीबी लगाने के लिए 1.69 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। वहीं लाढौत-किलोई शिव मंदिर मार्ग पर कटाव रोकने के लिए 1.05 करोड़ रुपये की लागत से रिटेनिंग वॉल का निर्माण कराया जाएगा।

### इन पर भी होगा कार्य

सूची में पुरानी डीएचएस रोड, इस्माइला के सुदृढ़ीकरण के लिए 1.12 करोड़ रुपये, भालौट से किलोई मार्ग के सुधार के लिए 52.44 लाख रुपये, गिज्जी स्कूल संपर्क मार्ग पर आईपीबी बिछाने के लिए 17.80 लाख रुपये तथा किलोई बस स्टैंड से शिव मंदिर मार्ग के शिफ्टिंग कार्य के लिए 11.20 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इन परियोजनाओं में अधिकांश सड़कें कई वर्षों पहले बनी थीं और समय के साथ उनकी स्थिति खराब हो चुकी थी। अब नए सिरे से सुदृढ़ीकरण, चौड़ीकरण, जल निकासी व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी कार्य होने से ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात अधिक सुगम होगा। इससे किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और रोजाना सफर करने वाले लोगों को विशेष लाभ मिलेगा।

### जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य होगा शुरू

इन सड़कों के निर्माण से गांवों के बीच संपर्क बेहतर होगा, यात्रा का समय कम होगा और बरसात के मौसम में जलभराव व खराब सड़कों की समस्या से भी काफी हद तक राहत मिलेगी। प्रशासनिक स्तर पर स्वीकृति मिलने के बाद अब जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू करेगा। इन परियोजनाओं के पूरा होने से गढ़ी-सांपला किलोई विधानसभा क्षेत्र में सड़क आधारभूत ढांचे को नई मजबूती मिलेगी।
-अरूण कुमार, कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग

## एमडीयू के नए शैक्षणिक सत्र के हॉस्टल प्रॉस्पेक्टस का विमोचन

- 17 जुलाई से शुरू होंगे ऑनलाइन आवेदन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने नए शैक्षणिक सत्र के लिए विश्वविद्यालय के छात्रावास का प्रॉस्पेक्टस जारी किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सुरक्षित, अनुशासित और आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवासीय वातावरण उपलब्ध कराना विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। बॉयज और गर्ल्स छात्रावास के लिए ऑनलाइन आवेदन 17 जुलाई से शुरू होंगे। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने छात्रावास में सुरक्षा, स्वच्छता, अध्ययन कक्ष, खेल सुविधाओं तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने की बात कही, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिले। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उत्कृष्ट आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. ए.एस. मान, कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल, डीन कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल (सीडीसी) प्रो. राजेश पूनिया, चीफ वार्डन (गर्ल्स) प्रो. सपना गर्ग आदि रहे।

चिकित्सा जगत सामाजिक संगठनों राजनीतिक हस्तियों व गणमान्य लोगों ने दी श्रद्धांजलि

# डॉ. आदित्य बतरा की अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

## सेवा, सरलता और समर्पण के लिए हमेशा याद किए जाएंगे, लोगों ने बयां किए उनके हंसमुख अंदाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

होली हार्ट अस्पताल के निदेशक एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आदित्य बतरा के आकस्मिक निधन से रोहतक शहर गहरे शोक में डूब गया है। उनके असमय निधन की खबर से चिकित्सा जगत, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों में शोक की लहर दौड़ गई। बुधवार को उनके आवास पर श्रद्धांजलि देने वालों का दिनभर तांता लगा रहा। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, चिकित्सकों, उद्योगपतियों और गणमान्य लोगों ने पहुंचकर शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। डॉ. बतरा अपनी सरलता, सेवा भावना और मरीजों के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते थे। उनके अचानक चले जाने से हर कोई स्तब्ध है। लोगों के बीच चर्चा का विषय यही रहा कि पूरी तरह स्वस्थ और सक्रिय दिखने वाला व्यक्ति इतनी अचानक इस दुनिया को कैसे छोड़ सकता है। उनके निधन ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति गंभीरता से सोचने पर भी मजबूर कर दिया है। श्रद्धांजलि देने पहुंचे लोगों ने कहा कि डॉ. बतरा ने चिकित्सा सेवा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। जरूरतमंदों की सहायता और मानवीय दृष्टिकोण के कारण उन्होंने समाज में अपनी अलग पहचान बनाई थी। उपस्थित लोगों ने उनके व्यक्तित्व और कार्यों को याद करते हुए कहा कि उनका जाना चिकित्सा जगत और पूरे रोहतक के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक व्यक्त करने वालों का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा।



**रोहतक।** शीला बाइपास स्थित रामबाग में डॉ. आदित्य बतरा के शव को दाह संस्कार के लिए ले जाते परिवार के सदस्य। फोटो : हरिभूमि



डॉ आदित्य बतरा के परिवार को सांत्वना देते कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा।



सांत्वना देते विधायक एवं महंत बाबा बालकनाथ योगी व विधायक बीबी बतरा।

### जाते-जाते बचा गए दो लोगों की जिंदगी

परिवार के मुताबिक डॉ. आदित्य बतरा रोजाना चार से पांच सर्जरी करते थे। वह शाम को छह बजे तक अस्पताल में ओपीडी में मरीजों का उपचार करते थे। बुधवार शाम 2 मरीजों का ऑपरेशन करने के बाद डॉ. आदित्य बतरा (45) साढ़े 8 बजे अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ घर पहुंचे। घर पहुंचने के बाद वे सीधे बाथरूम में चले गए और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। नौ बजे के बाद उनकी पत्नी डॉ. मयंका ने उन्हें फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने अस्पताल में संपर्क किया, जहां से पता चला कि डॉ. शाम को ही घर के लिए निकल चुके थे। घर में उनकी तलाश की गई। बाथरूम का दरवाजा अंदर से बंद मिलने पर उसे तोड़ा गया। तो डॉ. बतरा बेहोशी की हालत में फर्श पर पड़े मिले। उन्हें तत्काल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने लगातार तीन घंटे तक सीपीआर दिया और बचाने के हर सम्भव प्रयास किए गए। करीब तीन घंटे बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।



डॉ. आदित्य बतरा के परिवार को सांत्वना देते मेजर सत्यपाल सिंधु।

**ये शोक जताने पहुंचे :** शीला बाइपास स्थित रामबाग में उनकी अंतिम यात्रा में कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा, मेजर सत्यपाल सिंधु, पूर्व सूचना आयुक्त डॉ. कुलबीर छिक्कारा, विधायक एवं महंत बाबा बालकनाथ योगी, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा, पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी, विधायक बलराम दांगी, विधायक रघुबीर कादयान, विधायक शकुंतला खटक, महम से भाजपा नेता दीपक हुड्डा, पीजीआईएमएस के कुलपति डॉ. एसके अग्रवाल, पीजीआई के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डॉ मंजूनाथ, मदवि के जनसंपर्क विभाग के निदेशक सुनित मुखर्जी, डॉ. विकास सिवाच, मदवि पीआरओ पंकज नैन, डॉ मार्कंडेय आहुजा, भाजपा जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, डॉ. अशोक रंगा, हरिओम भाली, भाजपा नेता सन्नी शर्मा, समाजसेवी सुभाष तायल, पूर्व रेडक्रॉस सक्रेटरी देवेंद्र चहल, एसडीएम आशीष कुमार, डॉ राजेश रोहिल्ला, डॉ. रुप सिंह, डॉ. ध्रुव चौधरी, डॉ. अशोक राठी सहित शहर के चिकित्सक शोक प्रकट करने एवं परिवार को सांत्वना देने पहुंचे।

**लोगों के बीच चर्चा का विषय यही रहा कि पूरी तरह स्वस्थ और सक्रिय दिखने वाला व्यक्ति अचानक दुनिया को कैसे छोड़ सकता है।**

### रोजाना दो घंटे खेलते थे

डॉ. बतरा के साथ काम करने वाले चिकित्सकों ने बताया कि वे सेहत के प्रति पूरे सजग थे। वह जिम जाते थे। योग करते थे। करीब दो घंटे तक बैडमिंटन, वॉलीवॉल खेलते थे। दिन भर एक्टिव रहते थे। उन्हें शुगर, बीपी, हार्ट से सम्बंधित कोई बीमारी भी नहीं थी।

### हर तीसरी पोस्ट डॉ. बतरा की

डॉ. बतरा को श्रद्धांजलि देने के लिए सोशल मीडिया पर लोग सक्रिय नजर आए। दिनभर उनकी विनम्रता और हंसमुंख चेहरे के बारे में लोग लिखते रहे। उन्हें न केवल एक अच्छा चिकित्सक बल्कि मददगार भी बताया गया। कहीं गाना गाते हुए गोविंदा के गानों पर झूमते हुए डांस के वीडियो भी सोशल मीडिया पर चलाए गए।

### सबने किया नमन

डॉ. आदित्य का निधन चिकित्सा जगत के लिए दुखद और अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपने जीवन को मरीजों की सेवा के लिए समर्पित किया। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।
-कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा

डॉ. आदित्य बतरा एक कुशल चिकित्सक होने के साथ-साथ बेहद विनम्र व सेवाभावी व्यक्तित्व के धनी थे। उनका असमय निधन पूरे समाज के लिए बड़ी क्षति है। मैं परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। -पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी

डॉ. आदित्य ने चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देकर समाज में अमिट पहचान बनाई। उनका निधन बेहद दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं।
-विधायक रघुबीर कादयान

समर्पण, सेवा और मानवता की मिसाल रहे डॉ. आदित्य बतरा का निधन पूरे प्रदेश के लिए दुखद समाचार है। ईश्वर परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें।
-विधायक शकुंतला खटक

डॉ. बतरा का निधन चिकित्सा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। वे हमेशा मरीजों की सेवा के लिए तत्पर रहते थे। उनकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी।
-पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर

डॉ. आदित्य बतरा एक उत्कृष्ट हृदय रोग विशेषज्ञ और चिकित्सा क्षेत्र की सम्मानित हस्ती थे। उनका निधन चिकित्सा समुदाय के लिए बड़ी क्षति है। उनकी सेवाओं को सदैव याद रखा जाएगा।
-डॉ. एस के अग्रवाल, कुलपति पीजीआईएमएस

# बीएमयू में 17 नए पाठ्यक्रम शुरू होंगे

## एआई, साइबर सिक्योरिटी, फॉरेंसिक साइंस समेत नए रोजगारपरक कोर्स प्रमुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय (बीएमयू), अस्थल बोहर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से दो दर्जन से अधिक नए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू होंगे। हरियाणा सरकार के उच्चतर शिक्षा विभाग ने इन कोर्सों को मंजूरी दे दी है। पहले चरण में 17 पाठ्यक्रमों में प्रवेश शुरू किया जाएगा। कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी ने बताया कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों को कौशल आधारित शिक्षा दी जाएगी। बी वोक. इंजीनियरिंग, बी.वोक. मैनेजमेंट और पीजी डिप्लोमा इन साइबर लॉ समेत कई नए कोर्स शुरू होंगे। प्रत्येक शाखा में 40-40 सीटें स्वीकृत की गई हैं। इनका उद्देश्य युवाओं को आधुनिक तकनीकों और रोजगार की जरूरतों के अनुरूप तैयार करना है।



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय (बीएमयू), अस्थल बोहर के कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी ।

### आईटी-एआई के नए डिप्लोमा कोर्स शुरू होंगे

बीएमयू सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी कई आधुनिक डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करेगा। इनमें वेब डिजाइनिंग एवं डेवलपमेंट, साइबर सुरक्षा, डेटा साइंस एवं एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स तथा मोबाइल ऐप डेवलपमेंट शामिल हैं। बीएससी फॉरेंसिक साइंस, डिप्लोमा इन साइकोलॉजी, बैचलर इन साइकोलॉजी, एमए साइकोलॉजी, एमएससी बायोकैमिस्ट्री तथा एमएससी पब्लिक हेल्थ जैसे पाठ्यक्रम भी शुरू करेगा। एआई, साइबर सुरक्षा, डेटा साइंस और मशीन लर्निंग जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञों की मांग तेजी से बढ़ रही है।

### बेटियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध

महंत बालकनाथ योगी ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रदेश की बेटियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए भी प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्राओं के लिए निशुल्क शिक्षा की विशेष योजना संचालित की जा रही है, ताकि अधिक से अधिक बेटियां तकनीकी एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें। सभी तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम एआईसीटीई तथा अन्य संबंधित नियामक संस्थाओं के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित किए जाएंगे। इन नए पाठ्यक्रमों से छात्रों को आधुनिक एवं रोजगारपरक शिक्षा का अवसर मिलेगा।

# फाइन आर्ट्स, संगीत और स्टैटिस्टिक्स में सीटों से कम छात्र पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आज पीजी पाठ्यक्रमों- एमए (भूगोल), बीपीएड, एमपीएड, एमए (संस्कृत), एमए (डिफेंस एंड स्ट्रेटेजिक स्टडीज), एमए (इकोनॉमिक्स), एम. लिब, एमए (एजुकेशन), एमए (फाइन आर्ट्स), संगीत विभाग के विभिन्न पाठ्यक्रम, एमए (योग विज्ञान), एमएड, एमएससी. (स्टैटिस्टिक्स) तथा एमए (हिंदू स्टडीज) की प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की गईं। कुछ विभागों की प्रवेश परीक्षा में सीटों से कम विद्यार्थी शामिल हुए। इनमें एमए (फाइन आर्ट्स) में 15 सीटों पर 12, संगीत विभाग के विभिन्न पाठ्यक्रम में 30 सीट पर 16 और एमएससी (स्टैटिस्टिक्स) में 50 सीटों पर 39 अभ्यर्थी शामिल हुए।

इसके अलावा भूगोल में 186, बीपीएड में 129, एमपीएड में 100, एमए (संस्कृत) में 33, एमए (डिफेंस एंड स्ट्रेटेजिक स्टडीज) में 79, एमए (इकोनॉमिक्स) में 104, एम. लिब में 126, एमए (एजुकेशन) में 57, एमए (योग विज्ञान) में 57, एमएड में 69, तथा एमए (हिंदू स्टडीज) में 47 अभ्यर्थी शामिल हुए। 17 जुलाई को एमए (हिंदी), एमसीए, एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमएससी (डेटा साइंस एंड मशीन लर्निंग) तथा फार्मास्युटिकल साइंसेज समूह के एम. फार्मा पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।






### जमीन विवाद में हमला करने के मामले में नौवां आरोपी गिरफ्तार

**सुंडाना में मार्च में हुई थी वारदात, आठ आरोपी पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार**



आरोपित पुलिस की गिरफ्त में।

रोहतक। गांव सुंडाना में जमीन विवाद को लेकर प्रदीप और उसके परिवार पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे नौवें आरोपी नसीब पुत्र सुमेर निवासी गांव सुंडाना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार प्रदीप के परिवार और दिलावर पक्ष के बीच जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। 2 मार्च को प्रदीप अपनी पत्नी, भाई और मां के साथ खेत जा रहा था। तभी आरोपियों ने घेरकर तेजधार हथियारों और लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। मामले में आठ आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अब नसीब की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

### धान की फसल खराब होने के विवाद में किसान पर हमला, पिता-पुत्र गिरफ्तार

**24 घंटे में कार्रवाई, आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त हथियार बरामद**



आरोपित पुलिस की गिरफ्त में।

रोहतक। गांव बलियाणा में धान की फसल खराब होने के विवाद में किसान पर कस्सी से हमला करने के मामले में पुलिस ने 24 घंटे में पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल की गई कस्सी भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार 14 जुलाई को मंजीत निवासी बलियाणा ने थाना आईएमटी में शिकायत दी थी। जांच में सामने आया कि पड़ोसी नरेश ने अपने खेत के डोले पर राउंडअप स्प्रे किया था, जिससे मंजीत के खेत की धान की फसल खराब हो गई। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ। आरोप है कि नरेश अपने बेटे अजय के साथ खेत में पहुंचा और मंजीत पर लात-घूंसों व कस्सी से हमला कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नरेश और अजय को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। मामले की जांच जारी है।

*कोचिंग के लिए बड़े शहरों का रुख करने से मिलेगी राहत, समय और पैसे की होगी बचत*

# अब रोहतक में मिलेगा मुखर्जी नगर जैसा प्रतियोगी माहौल

## नेकीराम कॉलेज में बनेगा स्टडी सेंटर, यूपीएससी-एचसीएस व कैट की होगी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए जिला प्रशासन ने एक बेहद सराहनीय और ऐतिहासिक पहल शुरू की है। इसके तहत रोहतक के ऐतिहासिक पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय कॉलेज में एक अत्याधुनिक स्टडी सेंटर स्थापित किया जाएगा। स्टडी सेंटर में स्टडी सेंटर में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), विभिन्न राज्यों के लोक सेवा आयोग और आईआईएम में प्रवेश के लिए होने वाली कैट परीक्षा के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा। इस सेंटर के शुरू होने से न रोहतक शहर, आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्रों को पढ़ाई के लिए एक बेहतरीन और प्रतियोगी माहौल मिल सकेगा।

### युवाओं को बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा

दिल्ली जैसा माहौल अब रोहतक में स्टडी सेंटर शुरू होने से युवाओं को यूपीएससी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए दिल्ली या बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इससे छात्रों का समय और पैसा बचेगा तथा उन्हें रोहतक में ही बेहतर प्रतियोगी माहौल मिलेगा।

### आईएएस-आईपीएस अधिकारी देंगे मार्गदर्शन

स्टडी सेंटर में जिले में तैनात आईएएस और आईपीएस अधिकारी समय-समय पर विशेष कक्षाएं लेकर युवाओं को सिविल सेवा व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, रणनीति और समय प्रबंधन के टिप्स देंगे।

### आगामी बैठक में बनेगा एक्शन प्लान

स्टडी सेंटर के संचालन को लेकर जल्द उच्च स्तरीय बैठक होगी। इसमें सेंटर की समय-सीमा, सुविधाएं, सीटों की संख्या और विद्यार्थियों के चयन की प्रक्रिया तय की जाएगी।

### प्रो. सुरेंद्र सांगवान बने स्टडी सेंटर के नोडल अधिकारी

नेकीराम कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र सांगवान को स्टडी सेंटर प्रोजेक्ट का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनकी देखरेख में सेंटर की पूरी कार्यप्रणाली और योजना को अमलीजामा पहनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि डीसी सचिन गुप्ता की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में नेकीराम कॉलेज में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए स्टडी सेंटर खोलने का निर्णय लिया गया था।